# बुकिंग की डिलीवरी का मैसेज भी आया, लेकिन सिलेंडर नहीं पहुंचा...

## घरेलू गैस सिलेंडर के वितरण में अनियमितता, नवीन गैस एजेंसी संचालक पर 17 .84 लाख का जुर्माना

**शाजापुर । ईरान-अमेरिका और इजराइल के बीच हुए युद्ध का असर अब भी शाजापुर में देखने को मिल रहा है. गैस सिलेंडर की किल्लत का बहाना बनाकर कालाबाजारी की जा रही है. यहां एक गैस एजेंसी संचालक की मनमानी हजारों उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है. ब्लैक में सिलेंडर बेचने और बुकिंग के बाद भी पात्र उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी न देने की तमाम शिकायतों के बाद खाद्य विभाग ने मेसर्स नवीन गैस एजेंसी की जांच कराई, जिसमें वह दोषी पाया गया, जिसके बाद संबंधित गैस एजेंसी संचालक पर 17 लाख 84 हजार 390 रुपए की राशि जुर्माना की गई.**

बता दें नवीन गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थी.




उपभोक्ताओं का आरोप था कि गैस एजेंसी संचालक सिलेंडर की कालाबाजारी कर आम जनता के हक पर डाका डाल रहा है. घंटों लाइन में लगकर उपभोक्ता सिलेंडर की बुकिंग कराते हैं, लेकिन कर्मचारी उन्हें तीन-चार दिन बाद सिलेंडर मिलने की पर्ची देते हैं. जबकि कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आता है कि आपका सिलेंडर डिलीवर हो गया है. इसी बात को लेकर उपभोक्ताओं और गैस एजेंसी के कर्मचारियों में बहस भी होती है. ऐसे ही पीड़ित उपभोक्ताओं ने खाद्य विभाग को कई शिकायतें की, जिसके बाद खाद्य विभाग द्वारा उक्त गैस एजेंसी की जांच ऑयल कम्पनी बीपीसीएल के सेल्स ऑफिसर से कराई गई.

### ये कमियां पाई गई

जिसमें गैस एजेंसी संचालक द्वारा एलपीजी सिलेण्डरों का अनाधिकृत रूप से पंजीकृत उपभोक्ताओं को प्रदाय नहीं करने, घरेलू गैस सिलेण्डर बुकिंग किए गए उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर प्रदाय न कर अन्य उपभोक्ताओं को प्रदाय करने, जांच में निर्धारित कीमत से अधिक कीमत में गैस सिलेण्डर प्रदाय किया जाने, रिकॉर्ड का सही संधारण नहीं करने, कंपनी द्वारा जारी आवश्यक सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं करने तथा रिकॉर्ड अनुसार गैस सिलेण्डर के सत्यापन में सही स्टॉक नहीं पाया गया.

### कब-कब हुई जांच...

जिला आपूर्ति अधिकारी अंजू मरावी ने बताया कि मेसर्स नवीन गैस एजेंसी बीपीसीएल टंकी चौराहा शाजापुर द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर के वितरण के संबंध में प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित सेल्स ऑफिसर द्वारा प्रथम जांच 4 मई 2026 एवं द्वितीय जांच 19 मई 2026 को की गई .

### कारण बताओ नोटिस भी थमाया

ऑयल कम्पनी द्वारा गैस एजेंसी संचालक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया . उपरोक्त प्रकरण में ऑयल कम्पनी द्वारा जारी एमडीजी के तहत गैस सिलेण्डरों की नियमानुसार आपूर्ति नहीं किए जाने पर ऑयल कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा मेसर्स नवीन गैस एजेंसी संचालक पर 17 लाख 84 हजार 390 रुपए की राशि अधिरोपित की गई .

## एक नजर में

### स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश देने के लिए कॉलेज छात्रों ने निकला जागरूकता मार्च

**शुजालपुर ।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के क्रीड़ा विभाग एवं एनएसएस द्वारा स्वच्छ शुजालपुर स्वस्थ शुजालपुर थीम पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया . समर कैंप 2026 के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में विशाल पैदल मार्च एवं सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया . प्रात: 6 बजे महाविद्यालय परिसर से निकले मार्च में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भाग लिया . बस स्टैंड, श्रीनगर कॉलोनी, रोकड़िया हनुमान मंदिर एवं टेंपो चौराहा मार्ग से निकले मार्च में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नारों से वातावरण गूंज उठा . अभियान का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लाठी कला प्रदर्शन रहा, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया . भाजपा जिला महामंत्री विजय बैस एवं लाड़ सिंह राजपूत ने भी लाठी युद्ध का प्रदर्शन किया . महाविद्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया . इस अवसर पर प्राचार्य डॉ . राजेश कुमार शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे . कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में किया गया .

### छोटे शहरों के युवाओं के लिए रोजगार का मंच बना जीतो जॉब्स

**शुजालपुर ।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा छोटे शहरों के युवाओं को रोजगार और करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में नवाचार करते हुए जीतो जॉब्स 3 .0 अभियान के अंतर्गत शुजालपुर में जॉब फेयर आयोजित किया गया . कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, नौकरी तलाशने वालों और उद्योग जगत के बीच एक साझा मंच तैयार करना रहा . कार्यक्रम का आयोजन कच्छी बीसा महाजन वाड़ी परिसर में किया गया . इसमें शुजालपुर सहित कालापीपल, जामनेर, अकोदिया, शाजापुर, आष्टा, तलेन, पचोर और सारंगपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया . जीतो जॉब्स 3 .0 के माध्यम से देशभर में नई जॉब लोकेशन विकसित कर रोजगार और नेटवर्किंग के अवसर युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है . कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, हिमांशु शाह वाइस चेयरमैन, विजय भंडारी प्रेसिडेंट, ललित कुमार दांगी सेक्रेटरी जनरल एवं डी के जैन ज्वाइंट ट्रेजरर के मार्गदर्शन में किया गया . मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ कोऑर्डिनेटर अशोक मेहता, प्रियंका पाटोदी एवं रोहित मेहता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में देश की प्रमुख कंपनी के अंकित चौधरी ने युवाओं और अभिभावकों को संबोधित किया . उन्होंने कहा कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं . युवाओं को असफलता से डरने के बजाय बड़े लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए . इस अवसर पर सुरेश मारवाड़ी, अभिनंदन जैन, संदीप शाह, अभिषेक जैन, सचिन शाह, अमित जैन, नरेंद्र मेहता एवं अंकित डागा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे . महिला वर्ग से ग्रीष्मा संदीप शाह, तेजकिरण जैन, संध्या धारीवाल, बबीता चौपड़ा, मीना चौधरी एवं वीणा गोयल ने सहभागिता की . कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग तीव्रता शाह, महती शाह, रितुल पोखरना एवं झील शाह का रहा . आयोजन की सफलता पर हर्षद शाह, अश्विन चौधरी, सुरेश रांका, दर्शन शाह, सर्वेश पोखरना, अनुप चौधरी, गिरीश चौधरी, भूपेन्द्र जैन, नरेंद्र जैन धवल एवं विनोद चोपड़ा ने जीतो टीम को शुभकामनाएं दीं . अंत में आभार प्रदर्शन जीतो जॉब्स शुजालपुर के कन्वीनर अनुराग जैन ने किया .

### शैक्षणिक संस्था और सार्वजनिक स्थानों पर बिक रही अवैध शराब

**शुजालपुर ।** जिले में सैकड़ों स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है, अवैध शराब विक्रय के लिए लायसेंसी ठेकेदारों में विवाद की स्थिति भी कई स्थानों पर बन रही है, इतना ही नहीं अवैध शराब विक्रय स्थल को लेकर लायसेंसी ठेकेदारों के मध्य चल रहे विवाद को निपटाने के लिए आबकारी व पुलिस विभाग के नुमाइंदे भी अपनी भूमिका निभा रहे है, जिन्हे अवैध शराब पर रोकथाम व कार्यवाही करना चाहिए वे विभागीय नुमाइंदे समझोते और सेटिंग में व्यस्त है . यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री क्षेत्र में तेजी से पनप रही है . आलम यह है कि शैक्षणिक संस्थाओं, देवालयों व सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब का विक्रय खुले आम हो रहा है, इसका खुलासा शनिवार को ड्रग फ्री जोन अभियान के तहत की गई कार्यवाही के दौरान हुआ . शनिवार को प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आक्रामक कार्रवाई की . अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदार के नेतृत्व में गठित दल ने शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर एवं कृषि उपज मंडी क्षेत्र के समीप गुमठियों पर से अवैध शराब का जाखिरा पकड़ा . साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास गुमठियों व ठेलों में तम्बाकु व प्रतिबंधित सामग्री विक्रय होते मिली . प्रशासन की कार्रवाई विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज परिसरों के आसपास संचालित अवैध शराब बिक्री को लेकर केंद्रित रही . इसी प्रकार नगर की मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लिए गए . जांच में कुछ दुकानों पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने पर उसे जप्त कर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण बनाए जाने की कार्रवाई की गई . कार्रवाई के दौरान एसडीओपी निमेष देशमुख, तहसीलदार किरण धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे . एसडीओ राजकुमार हलदर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थाओं के 500 मीटर के दायरे में नशिले व तम्बाकु उत्पादनों की बिक्री पर पूर्व से ही प्रतिबंध है, जेएनएस कॉलेज के सामने नशिले पदार्थ बीड़ी सिगरेट और शराब मिली है, जो कि गलत है और चिंता जनक है, क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब की बिक्री गलत है, इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर भी जांच की गई है .

### बंदियों से संवाद कर समस्याओं को सुना

**शुजालपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनयना श्रीवास्तव द्वारा शुजालपुर उप जेल का निरीक्षण किया गया . उक्त निरीक्षण में जेल में कुल 54 बंदी निरूद्ध पाए गए . जेल निरीक्षण के दौरान पाकशाला का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता देखी गई . बंदियों के रहने की जगह, स्वच्छता एवं पेयजल की व्यवस्था देखी गई . प्रधान न्यायाधीश द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर उनकी समस्यों को सुना . जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई . निरीक्षण के दौरान बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सक की उपस्थिति एवं बीमार बंदियों को दी जाने वाली दवाईयों की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई .

# हवन-पूजन कराने के लिए निजी स्थानों पर ले जा रहे...

## मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं से की सावधानी बरतने की अपील

**आगर-मालवा । मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा ने श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए कहा है कि कुछ अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा मंदिर परिसर में घूम-घूमकर श्रद्धालुओं को हवन-पूजन कराने के नाम पर निजी स्थानों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. साथ ही हवन कराने हेतु अनावश्यक दबाव भी बनाया जा रहा है.**




मंदिर प्रबंध समिति ने स्पष्ट किया है कि यह कृत्य पूर्णत: अनुचित एवं समिति के नियमों के विरुद्ध है. समिति द्वारा बताया गया कि मां बगलामुखी मंदिर में हवन-पूजन की समस्त व्यवस्थाएं अधिकृत रूप से मंदिर परिसर में ही संचालित की जाती हैं. श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि हवन, पूजन अथवा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए केवल मंदिर कार्यालय से ही संपर्क करें तथा मंदिर समिति द्वारा जारी अधिकृत रसीद प्राप्त करने के उपरांत ही पूजन कार्य सम्पन्न करवाएं.

तहसीलदार और सचिव, मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा में बताया कि यदि कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में भ्रमित करता हुआ अथवा निजी स्थान पर हवन करवाने के लिए प्रेरित करता पाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल मंदिर कार्यालय अथवा प्रशासन को दें, ताकि वैधानिक कार्यवाही की जा सके.

# ऑन जॉब ट्रेनिंग में आईटी के छात्र सीख रहे तकनीकी हुनर

**आगर-मालवा । सांदीपनि शासकीय मॉडल उमावि आगर-मालवा में संचालित व्यावसायिक शिक्षा आईटी के विद्यार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल सिखाए जा रहे हैं. यह प्रशिक्षण स्थानीय संस्था गंगा कंप्यूटर एजुकेशन में आयोजित किया जा रहा है.**

30 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ 2 मई से हुआ था, जिसमें विद्यालय के आईटी/आईटीईएस विषय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं. प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें. प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को डेटा एंट्री, कंप्यूटर संचालन, कार्यालयीन कार्य प्रणाली, डिजिटल तकनीकों एवं अन्य आवश्यक तकनीकी हुनर का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है. शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित इस ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में कार्य दक्षता एवं आत्मविश्वास का विकास हो रहा है. इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक अनुभव भी प्रदान करते हैं, जिससे वे नौकरी एवं व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें.

# डॉ . विजय शास्त्री बने अन्नपूर्णा सेवा समिति के अध्यक्ष

**शुजालपुर । नगर में पिछले 25 वर्षों से मानव सेवा के क्षेत्र में सक्रिय अन्नपूर्णा सेवा समिति शुजालपुर मंडी की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. विजय शास्त्री को समिति का नया अध्यक्ष निर्वाचित किया गया.**

बता दें समिति प्रतिदिन जनसहयोग से निशक्त, असहाय, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है. समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. डॉ. पुरुषोत्तम शास्त्री के 29 मार्च 2026 को आकस्मिक निधन के बाद अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था. इसके बाद 20 मई को आयोजित बैठक में उनके सेवाभावी पुत्र डॉ. विजय शास्त्री को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई. बैठक में उपाध्यक्ष हेमंत सक्सेना एडवोकेट, सचिव श्रीराम परमार, कोषाध्यक्ष नरेन्द्रकुमार धारीवाल सहित आलोक खन्ना, सुभाष अग्रवाल, अरुण कयाल, सुरेन्द्रकुमार धारीवाल, देवेश मारवाड़ी, रघुवीरसिंह खींची एवं डॉ. मनोहर शास्त्री ने नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं. इस दौरान समिति सदस्यों ने स्व. डॉ. पुरुषोत्तम शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा 25 वर्षों तक किए गए सेवा कार्यों को याद किया. वक्ताओं ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में समिति ने निरंतर जरूरतमंदों तक भोजन सेवा पहुंचाई और आगे भी यह सेवा अभियान जारी रहेगा. बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति के वार्षिक सदस्य 500 रुपए शुल्क के साथ अधिक से अधिक संख्या में बनाए जाएंगे, ताकि मानव सेवा के कार्यों को और विस्तार दिया जा सके.

# समग्र आईडी सत्यापन के लिए आज विशेष शिविर

## कलेक्टर-कमिश्नर की बैठक की तैयारियों को लेकर विभागों की समीक्षा

**शाजापुर । कलेक्टर ऋजु बाफना ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली कलेक्टर-कमिश्नर की बैठक की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर बाफना ने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा में प्राप्त लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने, आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक तैयारियों के लिए अपने-अपने अनुभाग स्तर पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए.**




कलेक्टर बाफना ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिए हैं कि समग्र आईडी का सत्यापन कराएं तथा ऐसे व्यक्ति जो शाजापुर में निवासरत नहीं हैं, समग्र आईडी से विलोपित करें. उन्होंने समग्र आईडी का सत्यापन के लिए 24 मई को विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर सुश्री बाफना ने खाद्य एवं औषधी निरीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारियों को खाद्य पदार्थों एवं दूध में मिलावट करने वालों पर सतत जांच कर कार्यवाही करने, कृषि विभाग के अधिकारी को ई-टोकन के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण करने, उद्योग विभाग के अधिकारी को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्राप्त लक्ष्यों की पूर्ति करने, पशु एवं डेयरी विभाग को डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के प्राप्त लक्ष्यों में प्रगति लाने, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए.

जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर पर्याप्त बारदाना रखें, समय पर एसी नोट जारी करवाएं, परिवहन कराने तथा किसानों को समय पर भुगतान कराने के निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा वीसी के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर तथा सभी तहसीलदार शामिल हुए.

# 30 बसों पर चालानी कार्रवाई, 40 हजार 800 रूपये समन शुल्क वसूला

## अभियान का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा, नियमों का प्रभावी पालन कराना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना

**आगर मालवा । पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में आगर मालवा पुलिस द्वारा 21 से 27 मई तक जिलेभर में लोक परिवहन बसों का विशेष चैकिंग एवं प्रवर्तन अभियान संचालित किया.अभियान का उद्देश्य लोक परिवहन बसों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, यातायात नियमों का प्रभावी पालन कराना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था.पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों, यातायात थाना एवं चौकियों द्वारा संयुक्त रूप से लोक परिवहन बसों की सघन चैकिंग कार्यवाही की गई. अभियान के दौरान बसों में फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट एड बॉक्स, वाहन फिटनेस, बीमा, वैध दस्तावेज, ओवरलोडिंग एवं अन्य सुरक्षा मानकों का भौतिक सत्यापन किया गया.**

विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मोटरयान अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कुल 30 चालानी कार्यवाईयां करते हुए 40,800 रूपये समन शुल्क वसूला गया. कार्यवाही के दौरान फायर सेफ्टी उपकरण, इमरजेंसी एग्जिट एवं फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता एवं वैधता संबंधी उल्लंघनों पर 18 चालान बनाकर 9,000 समन शुल्क वसूला गया. फिटनेस संबंधी अनियमितता पाए जाने पर 2 यात्री बसों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 17,500 समन शुल्क अधिरोपित किया गया. बिना वैध बीमा संचालित यात्री बसों के विरुद्ध भी नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई. बस चालकों एवं परिचालकों को नशे की हालत में वाहन संचालन नहीं करने, रात्रि में रिफ्लेक्टर एवं समुचित लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. बस संचालकों को यह भी स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि जिन बसों में इमरजेंसी गेट बंद कर अतिरिक्त सीटें लगाई गई होंगी, उनके विरुद्ध वीडियोग्रफी एवं पंचनामा तैयार कर मोटरयान अधिनियम अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. अभियान के दौरान जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में लोक परिवहन बसों की सघन चैकिंग की गई. इस दौरान बसों में इमरजेंसी गेट, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स, दस्तावेजों की वैधता, ओवरलोडिंग, फिफ्टनेस एवं अन्य सुरक्षा मानकों का भौतिक सत्यापन किया गया. यात्री सुरक्षा के दृष्टिगत बस चालकों एवं परिचालकों को आवश्यक हिदायतें भी दी गई. आगर मालवा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने वाली बसों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन की सूचना तत्काल पुलिस अथवा यातायात पुलिस को दें. जिला पुलिस द्वारा अभियान अवधि में निरंतर सघन चैकिंग एवं प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी.

## एक नजर में

### श्रीनाथजी के सम्मुख कमल के फूलों की तलाई बनाई

# पुरुषोत्तम मास के छठे दिन कमल तलाई मनोरथ का किया आयोजन

**आगर-मालवा । पुष्टीमार्गीय वैष्णव परिषद शाखा आगर के तत्वावधान में सत्यनारायण गली स्थित अस्तल के मंदिर में पुरुषोत्तमस के छठे दिवस श्रीनाथजी के कमल तलाई मनोरथ का उत्सव बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया.**



श्रीनाथजी के कमल तलाई मनोरथ को लेकर मनोरथ करता सोनी परिवार के द्वारा प्रभु श्रीनाथजी के सम्मुख पानी से भरी कमल के फूलों सजी अति सुंदर तलाई बनाई गई. कमल तलाई मनोरथ में श्रीनाथजी के चित्र का बड़ा स्वरूप और तलाई के पानी में कमल के खिलते फूल आकर्षण का केंद्र रहे. कमल तलाई मनोरथ मंडली में परम भगवतीय वैष्णव सोनी परिवार एवं वैष्णव भक्तों के द्वारा ढोलक की थाप और मजीरे की झंकार के साथ श्रीनाथजी के मधुर कीर्तन एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई. इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रीनाथजी के भक्त भक्ति संगीत की झंकार पर झूम उठे. मनोरथ कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम के मनोरथी कमलाबाई सोनी सुनील सोनी श्लोक सोनी परिवार एवं उपस्थित वैष्णव भक्तों ने भक्ति से प्रभु आरती कर उनकी लीलाओं का गुणगान किया.

### महाप्रसादी का वितरण किया...

आरती के बाद मनोरथी सोनी परिवार द्वारा श्रीनाथजी को भोग लगाकर उपस्थित वैष्णव भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया . इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिला एवं पुरुष वैष्णवजनों ने भगवान श्रीनाथजी के बड़े स्वरूप के दिव्य दर्शन का लाभ लिया . इस अवसर पर वैष्णव परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा मनोरथी सोनी परिवार के सदस्यों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया गया . जानकारी परिषद के सचिव गोविन्द गुरु ने दी .

### शांति समिति की बैठक के समय में परिवर्तन

**आगर-मालवा ।** जिले में आगामी पर्व एवं त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के समय में परिवर्तन किया गया है. पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यह बैठक 25 मई, सोमवार को टीएल बैठक उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होना थी, किन्तु अब यह बैठक उसी दिन शाम 4 बजे आयोजित की जाएगी. बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न होगी. अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है.